आर्डर शीट

न्यायालय अतिरिक्त संभागीय आयुक्त जोधपुर

राजस्व अपील सं0 79/2019 अनवान *मांगीलाल व अन्य बनाम मथुरादेवी वगैरा*

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज
11.12.25	पत्रावली वकील अपीलांट्स द्वारा दिनांक 11.12.25 को प्रस्तुत "प्रार्थना पत्र बाबत मिसल तलब करने" एवं "प्रार्थना पत्र बाबत राजीनामा" अपील स्वीकार करने के क्रम में तलब की जाकर तारीख पेशी पर ली गई। वकील अपीलांट एवं रेस्पो0सं0 1 के अधिवक्ता तथा अपीलांट्स एवं रेस्पो0सं0 1 स्वयं उपस्थित। उक्त प्रार्थना पत्र अपीलांट एवं रेस्पो0सं0 1 द्वारा संयुक्त रूप से प्रस्तुत किया गया, जिनकी पहचान इनके अधिवक्ताओं द्वारा की गई। वकील अपीलांट ने प्रार्थना पत्रों में उल्लेखित तथ्यों को दौहराते हुए मुख्यतः यह आग्रह किया कि अपीलांट्स एवं रेस्पो0सं0 1 के मध्य लोक अदालत की भावना से राजीनामा हो जाने से उक्त अपील को स्वीकार कर, अपीलाधीन आदेश निरस्त फरमावे। रेस्पो0सं0 1 ग्राम गुड़ा विश्नोईयां के स्वीकृत ना0क0सं0 2023 दिनांक 14.02.2013 से सहमत्त है, रेस्पो0सं0 1 व उनके अधिवक्ता द्वारा इस पर कोई आपत्ति व्यक्त नही की गई। वकील अपीलांट ने आग्रह किया कि रेस्पो0सं0 1–वादीनी–मथुदादेवी द्वारा अपीलांट–प्रतिवादीगण–मांगीलाल वगैरा के विरूद्ध माननीय सिविल न्यायालय में प्रस्तुत वाद बाबत निरस्त करने हकतर्कनामा, बंटवाडा एवं निषेधाज्ञा को विड्रो कर लिया है, जिसकी प्रति निर्णय में सहायता हेतु प्रस्तुत करने के लिए समय दिया जावे। लिहाजा पत्रावली निर्णय हेतु रिजर्व रखी गई। अतिरिक्त सम्भागीय आयुक्त जोधपुर
01.01.26	वकील अपीलांट द्वारा दिनांक 22.12.25 को फार्म नं0 3 के साथ उल्लेखित दस्तावेजात–मा0 न्यायालय अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संख्या–6 जोधपुर जोधपुर महानगर के केस नम्बर CO12/19 में पारित आदेशिका दिनांक 11.12.25 द्वारा जरिये विड्रो निस्तारित वाद की प्रति, प्रार्थना पत्र, पंजीबद्ध हकतर्कनामा दिनांक 15.01.2013 की प्रतियां प्रस्तुत की गई।

अतिरिक्त सम्भागीय आयुक्त
जोधपुर

PTO.

बहस पर मनन किया गया तथा पत्रावली का अवलोकन किया गया एवं उभय पक्ष के अधिवक्ताओं की इस्तदुआ पर भी मनन किया गया। प्रकट तथ्यों के अनुसार अधीनरथ न्यायालय अपर जिला कलेक्टर–प्रथम, जोधपुर के समक्ष राजस्व अपील संख्या 31/2015 बअनवान मथुरादेवी बनाम मांगीलाल वगैरा द्वारा अपीलाधीन जैर ना0क0सं0 2023 दिनांक 14.02.2013 को चुन्नौति दी गई थी। उक्त ना0क0 विरासत व रजिस्टर्ड हकतर्कनामा दिनांक 15.01.2013 के आधार पर पारित किया गया था। उक्त अपील अपीलाधीन आदेश दिनांक 14.10.2016 द्वारा स्वीकार कर ना0क0सं0 2023 दिनांक 14.02.2013 को अपास्त कर दिया गया। जिसके विरूद्ध उक्त अपील न्यायालय हाजा के समक्ष प्रस्तुत की गई है। अपीलाधीन आदेश में उल्लेखित है कि हकतर्कनामा को सिविल न्यायालय में चुन्नौति दी हुई है, जिसे रेस्पो0सं0 1–मथुरादेवी द्वारा दिनांक 11.12.25 को विड्रो कर लेने से हस्तगत अपील में विवाद की विषयवस्तु समाप्त हो गई है।

अतः उभय पक्ष द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर, अधीनस्थ न्यायालय अपर जिला कलेक्टर–प्रथम, जोधपुर द्वारा राजस्व अपील संख्या 31/2015 बअनवान मथुरादेवी बनाम मांगीलाल वगैरा में पारित अपीलाधीन आदेश दिनांक 14.10.2016 निरस्त किया जाता है।

निर्णय आज दिनांक 1-1-26 को खुले न्यायालय लिखाया जाकर, सुनाया गया। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम की जावे। अधीनस्थ न्यायालय का रेकर्ड निर्णय की सत्यप्रति के साथ लौटाया जावे।

1/1/26

(सुनिता चौधरी)
अतिरिक्त संभागीय आयुक्त
जोधपुर